ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांकः–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/33(स्वी)/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषकः

**कल्पना कुमारी,**
अनुश्रवण पदाधिकारी

सेवा में,

**महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार,**
वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक 19/03/2020

विषयः– **बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय हेतु अनुबंध/संविदा आधारित कार्यरत कार्यपालक सहायकों को वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान हेतु बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के परिपत्र द्वारा स्वीकृत दर के आलोक में वर्द्धित दर पर अनुमान्य अन्तर राशि कुल ₹4,41,11,743.00 (चार करोड़ इकतालिस लाख ग्यारह हजार सात सौ तेतालीस रूपये) मात्र के राशि की स्वीकृति।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक–7040 दिनांक–31.10.2019 एवं विभागीय स्वीकृत्यादेश पत्रांक–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/06 (स्वी०)/पं०रा०, दिनांक–14.06.2019 एवं आवंटनादेश पत्रांक–5प/राज्य स्कीम–02–11/2017/15 (आ०)/पं०रा०, दिनांक–14.06.2019।**

**आदेशः–** **स्वीकृत।**

2. मुख्यमंत्री ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के क्रियान्वयन में सहयोग हेतु विभिन्न कार्यालयों में अनुबंध/संविदा के आधार पर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय हेतु कार्यरत कार्यपालक सहायकों के पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान हेतु प्रासंगिक स्वीकृत्यादेश द्वारा सभी जिलों को अनुमान्य दर पर राशि की स्वीकृति एवं प्रासंगिक विभागीय आवंटनादेश द्वारा राशि आवंटित की गयी थी। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन, बिहार, पटना के पत्रांक–488 दिनांक–07.03.2019 के आलोक में परिचालित विभागीय पत्रांक–7040 दिनांक–31.10.2019 द्वारा अनुमान्य आधार पर वर्द्धित दर पर वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अन्तर राशि से संबंधित विभिन्न जिलों की अधियाचना के आधार पर एवं शेष जिलों को अनुमान्य दर पर गणना करते हुए संलग्न अनुलग्नक–"क" के अनुसार राशि स्वीकृत करते हुए कुल **₹4,41,11,743.00 (चार करोड़ इकतालिस लाख ग्यारह हजार सात सौ तेतालीस रूपये)** मात्र की वित्तीय वर्ष 2019–20 में व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है –

3. इस स्वीकृत राशि की निकासी राज्य स्कीम अन्तर्गत "मुख्य शीर्ष–2515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम–उपमुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–001–निदेशन एवं प्रशासन–उप शीर्ष–0102–जिला पंचायत की स्थापना" मद के "विषय शीर्ष–0102.28.02–संविदा सेवाएँ" से वित्तीय वर्ष 2019–20 में की जाएगी। इसकी माँग संख्या–16 एवं विपत्र कोड संख्या–16–2515000010102 है।

4. इस स्वीकृत राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के जिला पंचायत राज पदाधिकारी होगें, जो राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार, से बिहार कोषागार संहिता 2011 के सुसंगत नियमों के आलोक में करेंगे।

5. इस राशि का आवंटनादेश निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को अलग से निर्गत किया जाएगा जिसके आधार पर राशि की निकासी की जाएगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी राशि के व्ययोपरान्त नियमानुसार व्यय विवरणी एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र पंचायत राज विभाग को उपलब्ध करायेंगे। सभी कर्मियों को निर्धारित मानदेय अनुमान्य दर पर नियमानुसार भुगतान एवं आवश्यक कटौती करने का

कृ०पृ०उ०...

दायित्व निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का होगा। किसी भी प्रकार के गलत भुगतान के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे।

6. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 दिनांक–05.10.2017 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

7. स्वीकृत्यादेश प्रस्ताव एवं प्रारूप पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या–146/टि० पर दिनांक–16/03/2020 को प्राप्त है।

8. प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर स्वीकृति प्राधिकार, प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017 के टिप्पणी पृष्ठ सं०–148/टि० पर दिनांक–17/03/2020 को प्राप्त है।

अनुलग्नकः–यथोक्त। (अनुलग्नकः–'क')

विश्वासभाजन

19/03/2020

(कल्पना कुमारी)
अनुश्रवण पदाधिकारी

ज्ञापांक–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/335(प) पं०रा० पटना, दिनांक 19/03/2020

प्रतिलिपि–सभी जिला कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/03/2020

(कल्पना कुमारी)
अनुश्रवण पदाधिकारी

ज्ञापांक–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/335(प) पं०रा० पटना, दिनांक ....../...../2020

प्रतिलिपि–सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/03/2020

(कल्पना कुमारी)
अनुश्रवण पदाधिकारी

ज्ञापांक–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/335(प) पं०रा० पटना, दिनांक 19/03/2020

प्रतिलिपि–सभी जिला पदाधिकारी/सभी उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/03/2020

(कल्पना कुमारी)
अनुश्रवण पदाधिकारी

ज्ञापांक–3प/मु०मं०नि०यो०–19–02/2017/335(प) पं०रा० पटना, दिनांक 19/03/2020

प्रतिलिपि–प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5/आई०टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई०टी० मैनेजर को निदेश दिया जाता है कि स्वीकृत्यादेश की प्रति विभाग के वेबसाईट पर डालेंगे तथा सभी संबंधितों को ई–मेल के माध्यम से संबंधित को सूचित करेंगे।

19/03/2020

(कल्पना कुमारी)
अनुश्रवण पदाधिकारी

पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना

अनुलग्नक–'क'

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पैनल से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी के कार्यालय हेतु अनुबंध/संविदा आधारित कार्यरत कार्यपालक सहायकों को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के पत्रांक–488, दिनांक–07.03.2019 के आलोक में विभागीय पत्रांक–7040, दिनांक–31.10.2019 द्वारा अनुमान्य वर्द्धित दर पर वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अन्तर राशि के उपावंटन हेतु विभिन्न जिलों द्वारा अधियाचित राशि एवं शेष जिलों के गणना आधारित समेकित स्वीकृति राशि की जिलावार विवरणी–

| क्रं | जिला | प्रखंड की संख्या | प्रखंड स्तरीय कार्यपालक सहायक की संख्या | ₹16843–12000= ₹4843'10 माह+2 माह का 10% वृद्धि के आलोक में कुल 12 माह का अनुमान्य भुगतेय राशि |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 1 | Araria | 9 | 9 | 1144481.00 |
| 2 | Arwal | 5 | 5 | 520110.00 |
| 3 | Aurangabad | 11 | 11 | 1281141.00 |
| 4 | Banka | 11 | 11 | 1423672.00 |
| 5 | Begusarai | 18 | 18 | 889182.00 |
| 6 | Bhagalpur | 16 | 16 | 790384.00 |
| 7 | Bhojpur | 14 | 14 | 1598400.00 |
| 8 | Buxar | 11 | 11 | 1228612.00 |
| 9 | Darbhanga | 18 | 18 | 889182.00 |
| 10 | E . Champaran | 27 | 27 | 2728728.00 |
| 11 | Gaya | 24 | 24 | 1185576.00 |
| 12 | Gopalganj | 14 | 14 | 1399495.00 |
| 13 | Jamui | 10 | 10 | 1050514.00 |
| 14 | Jehanabad | 7 | 7 | 1110162.00 |
| 15 | Kaimur | 11 | 11 | 745810.00 |
| 16 | Katihar | 16 | 16 | 1780000.00 |
| 17 | Khargaria | 7 | 7 | 87180.00 |
| 18 | Kishanganj | 7 | 7 | 345793.00 |
| 19 | Lakhisarai | 7 | 7 | 345793.00 |
| 20 | Madhepura | 13 | 13 | 642187.00 |
| 21 | Madhubani | 21 | 21 | 1037379.00 |
| 22 | Munger | 9 | 9 | 1411920.00 |
| 23 | Muzzafarpur | 16 | 16 | 946656.00 |
| 24 | Nalanda | 20 | 20 | 987980.00 |
| 25 | Nawada | 14 | 14 | 691586.00 |
| 26 | Patna | 23 | 23 | 2993976.00 |
| 27 | Purnia | 14 | 14 | 1193262.00 |
| 28 | Rohtas | 19 | 19 | 456020.00 |
| 29 | Saharsa | 10 | 10 | 975550.00 |
| 30 | Samastipur | 20 | 20 | 3672274.00 |
| 31 | Saran | 20 | 20 | 1700000.00 |
| 32 | Sheikhpura | 6 | 6 | 701682.00 |
| 33 | Sheohar | 5 | 5 | 246995.00 |
| 34 | Sitamarhi | 17 | 17 | 987972.00 |
| 35 | Siwan | 19 | 19 | 938581.00 |
| 36 | Supaul | 11 | 11 | 1172716.00 |
| 37 | Vaishali | 16 | 16 | 790384.00 |
| 38 | W. Champaran | 18 | 18 | 2020408.00 |
| | **Total :-** | **534** | **534** | **44111743.00** |

कुल (₹ चार करोड़ इकतालिस लाख ग्यारह हजार सात सौ तेतालीस मात्र)

(कल्पना कुमारी)
अनुभाग पदाधिकारी
पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना।